

## एक नजर में

### पटवारी पहुंचे दिवंगत किसान के घर



**महिदपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ग्राम बागला पहुंचकर दिवंगत किसान के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार, उज्जैन जिला प्रभारी चन्दर सिंह सोंधिया, उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित कांग्रेसजन के बडी संख्या में उपस्थिति रहे।

### स्व. रामसिंह भांबी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**उज्जैन।** उज्जैन मेवाड़ा भांबी समाज के अध्यक्ष समेत उज्जैन के समाजजन स्व. रामसिंह भांबी के निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। मेवाड़ा भांबी समाज के अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा, संरक्षक देवनारायण जयपाल, विजय सिंह, रतनलाल जावल, शहर अध्यक्ष सोनू करेला, रोड़ूमल करेला सहित समाजजनों ने रामसिंह भांबी को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज की ओर से अध्यक्ष मोहन मेवाडा ने परिवार को आशवस्त किया कि तन, मन, धन से जो भी मदद बनेगी समाज के लोग बढ़चढ़ कर करेंगे। साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु सार्थक प्रयास करें।

### ग्राम पंचायत चिंतामण जवासिया पर हुई कृषि संगोष्ठी



**उज्जैन।** ग्राम पंचायत चिन्तामण जवासिया पर कृषि संगोष्ठी व दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हॉर्टिकल्चर के ब्लॉक प्रमुख यादव ने शासन की सारी बागवानी की जानकारियां दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवनकुमार यादव, पदम सिंह पटेल, ईश्वर सिंह विश्वकर्मा, नरेंद्र पटेल, मुकेश पटेल, प्रेम सिंह पटेल, ईश्वर सेन, रवि मालवीय सहित किसान भाई मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन संस्था सचिव अबरार खान ने किया। इस मौके पर गांव के वरिष्ठ पं. राधेश्याम शर्मा को समस्त कृषकों द्वारा साफा बांधकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।

### महर्षि वाल्मीकि का चिंतन समाज को जोड़ता है



**उज्जैन।** मां दानेश्वरी वाल्मीकि महापंचायत उज्जैन के तत्वावधान में वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उज्जैन नगर निगम की सभापति कलावती यादव ने उपस्थित समाजजन को शुभकामना देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि का चिंतन एवं समाज हित मे किए गए कार्य समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। महर्षि वाल्मीकि का चिंतन समाज को दिशा देता है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मां दानेश्वरी वाल्मीकि पंचायत के कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील सारवान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पंचायत के संरक्षक अशोक सारवान, पंचायत के अध्यक्ष मुकेश सारवान, हरिराम टौपे, महेश सोनवान, मुकेश चौहान, सतीष सारवान, राजेन्द्र सरसवाल, संजय भेरुलाल सारवान, रवि गौसर, भगवान बडगूजर, ओमप्रकाश लौट, श्रावण कंडारे, अनिल घावरी, संतोष सारवान, मनोहर गौहर, सनी सारवान, दयाराम नरवाले, संजीव बाली, रामकुमार सारवान ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। जनसामान्य को फल एवं प्रसाद का वितरण किया गया।

### मुख्यमंत्री के नाम निगम सभापति को ज्ञापन सौंपा

**उज्जैन।** न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला उज्जैन के जिलाध्यक्ष एसपी अहिरवार एवं डॉ. रमाकांत मिश्रा की अगुवाई में कर्मचारियों की मूलभूत मांगों व हड़ताल अवधि का वेतन दिलाने के नाम पर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन निगम सभापति कलावती यादव को स्थानीय सम्राट विक्रमादित्य भवन, उज्जैन पर सौंपा गया। जिलाध्यक्ष एसपी अहिरवार के अनुसार कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निदान के साथ कर्मचारियों का हड़ताल अवधि का वेतन दिलाने आदि के संबंध मे मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण किया गया है। इस अवसर पर कम्युनिटी हेल्थ आफिसर संगठन के अध्यक्ष डॉ. रमाकांत मिश्रा विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर साथीगणों में महेश धनेरिया, एम.डी. अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, विनोद चैधरी, आशुतोष सिरोठिया, विनीता भटनागर, शकुंतला कौशल डिम्पल सूर्यवंशी, सुशीला पंवार, लक्ष्मी सिसौदिया, मिथिलेश शर्मा, कमल आंजना, अर्जुन आंजना, डॉ. जावेद अनवर, डॉ. अर्चना वर्मा आदि मौजूद थे।

### आठ खोली पंचायत ने मनाई वाल्मीकि जयंती



**उज्जैन।** आठ खोली पंचायत ने हर्षोल्लास से वाल्मीकि जयंती मनाई। मंगलवार की शाम आठ खोली पंचायत के तत्वावधान में रामायण के रचियता महर्षि वाल्मीकिजी की जयंती पर महा आरती की गई। महाआरती के साथ ही समाजजनों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि महाकाल थाना टी आई गगन बादल ने आरती पूजन किया एवं सभी समाजजन को बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ, युवा, बच्चे, महिलाओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।





# किसानों की उपज का सही मूल्य व मुआवजा को लेकर कांग्रेस का धरना- प्रदर्शन

**बड़नगर।** भारत कृषि प्रधान देश होने के बाद भी आज किसानों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान और आम जनता की परेशानियों को देखते हुए कांग्रेस के समस्त संगठन द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयुआई के माध्यम से पूर्व विधायक मुरली मोरवाल द्वारा धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन पत्र अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र पाराशर को सौंप कर अवगत कराया। साथ ही एक रैली के रूप में कोर्ट चौराहा से मंडी गेट तक सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और फसल के दाम 6 हजार करने व किसानों को मुआवजा देने की मांग पर जोर डाला व मण्डी गेट के सामने भी खड़े होकर अपनी बात को किसानों के समीप रखी।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस इंगोरिया अध्यक्ष हेमंत उपाध्याय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाल, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष करण मोरवाल, जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, बद्रीलाल आचार्य, एडव्होकेट महेश विजयवर्गीय, करण राठौर, सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थि हुए।

### 80 प्रतिशत फसल हुई खराब

आपने ने बताया की किसानों की खरीफ फसल सोयाबीन 80 प्रतिशत अत्यधिक वर्षा से, अफलन से पीला मोजक रोग से, जल भराव से खराब हो चुकी है। जिसका किसानों को मुआवजा व बीमा दिया जाए। आगामी रबी फसल के लिये किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी यूरिया व एनपीके खाद्य नहीं मिल रहा है। हमारी मांग है कि किसानों को अतिशीघ्र खाद्य का वितरण किय जाए। सोयाबीन की फसल का शासन द्वारा समर्थन मूल्य कर खरीदी नहीं की जा रही है। तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों की प्रधानमंत्री सड़क तथा अन्य ग्रामिण सडको की हालत दयनीय होकर बडे बडे गडढे हो गए हैं, हमारी मांग हैं की तहसील के ग्रामिण क्षेत्रो को जोड़ने वाली सडको को अतिशिघ्र सुधारा जावें। पिछले दिनो नरसिंगा में प्रशासन की लापरवाही से तीन मासूम बच्चो की नदी में डुबने से मृत्यु हो गई हैं जिन्हें केवल 4-4 लाख रुपए राशि मुख्यमंत्री ने दी हैं जो कि बहुत ही निंदनीय हैं हमारी मांग है कि गरिब परिवारों को 50-50 लाख रुपए की राशि प्रदान कर परिजन को शासकीय नोकरी दी जावें। शहर में स्वच्छता के नाम से नगरपालिका द्वारा लाखो रुपये का टेक्स लिया जा रहा है व करोडो रुपयें शासन द्वारा प्रदान किये जा रहें हैं किन्तु नगर में गंदगी फैल रही हैं।




## 18 वर्ष के उम्र के बच्चों का दिव्यांगता परीक्षण शिविर संपन्न

**बड़नगर। नगर पालिका परिसर में गुरुवार को दिव्यांग बच्चों (0 से 18 वर्ष) में दिव्यांगता की शीघ्र पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु दिव्यांगता परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर का शुभारंभ अभय टोंग्या अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अनिता सतीश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, लालबहादुर बादशाह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एमआर निंगवाल द्वारा मां सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस परीक्षण शिविर में जिला मेडीकल बोर्ड के विशेष चिकित्सको द्वारा अस्थि रोग, नेत्र रोग, ईएनटी रोग, मनोचिकित्सक के कुल 68 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन, 38 बच्चों का युडीआईडी पंजीयन, 30 बच्चों का यूडीआईडी कार्ड हेतु आवेदन किया गया। शिविर में रवि पांचाल उपयंत्री, विनोद पोरवाल उपयंत्री, पायल सोनी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, मनमोहन राठौड आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

## साध्वी त्रय की अष्टापद ओली पूर्णता पर त्रिदिवसीय महोत्सव संपन्न

**महिदपुर। चंदनबाला की निश्रा में सुज्येष्ठा व चिन्मया, नये मसा की अष्टापद की ओली पूरी होने पर खरतरगच्छ श्रीसंघ की आज्ञा से तीन दिवसीय महोत्सव के आयोजन किये गये। जिसमें नवपद पूजन, रात को प्रतिक्रमण बाद चौबीसी, आज दादागुरु देव की पूजा व रात को आभा आनंदीलाल, चंदना अभय चौपड़ा परिवार ने सभी तपस्वियों के तप के अनुमोदनार्थ चौबीसी गवाने का लाभ लिया।**



इस अवसर पर मिनल बांठिया, संगीता मोदी ने गीत व अपने भावों को व्यक्त किया। जिनदत्त सूरि महिला मंडल ने नाटिका व हेमप्रभा बहु मंडल ने चौबीसी के साथ नृत्य की प्रस्तुति दी। चौपड़ा परिवार ने दोनों मंडलों का बहुमान किया। संचालन ओली की तपस्वी कविता सोनु लुणावत ने किया। उन्हीं के मार्गदर्शन में नवपद पर आधारित चेयर रेस कराई गयी। जिसमें श्रीमती मूणत व श्रीमती सेठिया विजेता रहीं व चौपड़ा परिवार ने उन्हें पारितोषिक प्रदान किया।

मार्गदर्शन श्रीमती आशा चौपड़ा व सामग्री एकत्रित करने व दिशा निर्देश मंडल अध्यक्षा सुनीता चौपड़ा का रहा। कल नवपदजी के आखरी दिन मसा ने 81आयंबिल करवाए जिनका बहुमान लाभ बीकानेर से पधारे सुज्येष्ठा श्रीजी मसा के सांसारिक परिवार से पधारे ऋतु कोठारी, प्रेम मुहणत परिवार ने लिया। रात में चौबीसी के लाभ की प्रभावना का लाभ भी लिया। इस अवसर पर नाहर परिवार ने बिना नमक वालों की व पदों के रंगों से बैठाकर आयंबिल करवाया जिसमें प्रतिदिन वाले थे। करीब सौ तरह का सामान बनाया गया। इस तरह 150 आराधकों को आयंबिल करवाये गये। यह इस तरह का अनूठा आयोजन महिदपुर में पहली बार मसा ने करवाया। नवपदजी की पूजन विधि इसी तरह कराई गई खरतरगच्छ आराधना भवन में। यह समस्त जानकारी खरतरगच्छ मीडिया प्रभारी सीमा चौपड़ा ने दी।

### मूंग दाल से नवपद के नौ हिस्सों में बनाया

विशेष कल नवपद पूजन मंडल द्वारा पढ़ाई गयी। उसके पहले मांडला बनाया गया जिसमें करीब पौन घंटा लगा और जो गेहूं, चने, चावल, उड़द, मूंग दाल से नवपद के नौ हिस्सों में बनाया जाता है। इसे बनाने के लिये गोल चक्र बड़ा छोटा आंखें आदि संचे से बनाई जाती है। जिन पर सामान चढ़ाया जाता है। उसे कलात्मक रुप व सफाई से बनाया गया। उसे बनाने में साधना डोसी, रिंकू लुणावत, निशा नाहर, हिना धाड़ीवाल का सहयोग रहा।

## धार्मिक यात्राएं समाज में धर्म जागृति का माध्यम

**घट्टिया।** धार्मिक यात्राएं समाज में धर्म के प्रति जागृति के साथ युवाओं में संस्कृति का विकास करते हुए आध्यात्मिक दृष्टिकोण विकसित करती है एवं धार्मिक यात्राएं हिंदू समाज को जागृत करने का माध्यम है।



उक्त बात धर्म यात्रा महासंघ के पालक विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज ने तीर्थ पुरोहित महासंघ द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा के घट्टिया आगमन पर स्वागत के दौरान कही। उक्त यात्रा मथुरा से उज्जैन सांदीपनि आश्रम के लिए निकली जा रही है। यात्रा का स्वागत समारोह घट्टिया में ब्राह्मण समाज धर्मशाला के अध्यक्ष भगवती प्रसाद व्यास के सानिध्य में यात्रा का पुष्प वर्षा कर दुपट्टे पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रा प्रभारी सुरेंद्र चतुर्वेदी ने यात्रा के उद्देश्य बताएं। यात्रा के दौरान ब्राह्मण समाज सहित अन्य वरिष्ठ जनों ने भी यात्रा का स्वागत किया।

## ज्योतिर्विद पं. व्यास गौरव ज्योतिष अवार्ड से सम्मानित

**उज्जैन। जैसलमेर में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन में ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उज्जैन के ज्योतिर्विद पं. अजय शंकर व्यास को मरुधरा गौरव ज्योतिष अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया।**




समारोह में अवंतिका तीर्थ पुरोहित ज्योतिर्विद पं. अजय शंकर व्यास को सर्वोच्च सम्मान प्रदान करते हुए उनके द्वारा की गई सटीक भविष्यवाणी व त्योहारों, उत्सवों से पूर्व दी जाने वाली मुहूर्त की जानकारी को सराहा गया। इस अवसर पर पं. अजय व्यास ने ज्योतिष के माध्यम से जीवन की जटिल समस्याओं का समाधान पर अपना सटीक शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अवतिंका तीर्थ पुरोहित ज्योतिर्विद पं. अजय शंकर व्यास ने जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी को भगवान महाकाल प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इसके लिए जैसलमेर विधायक ने विशेष तौर आभार व्यक्त किया। महासम्मेलन में अनेक प्रांतों से आये ज्योतिषाचार्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के तृतीय दिन समापन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी ने की। मंच पर अवंतिका तीर्थ पुरोहित ज्योतिर्विद पं. अजय शंकर व्यास उज्जैन, आचार्य पं. भरतलाल शास्त्री जयपुर, प्रश्न शास्त्री एसके जोशी, दिल्ली की ज्योतिषाचार्य संस्थान सचिव श्वेता जैन मौजूद रहे।

**एक नजर** — एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# किसानों ने मुआवजा एवं पर्याप्त बीमा राशि के लिए किया प्रदर्शन

**खाचरौद।** नागदा-खाचरौद तहसील में 90 प्रतिशत सोयाबीन फसल खराब होने के कारण सभी किसानों को बगैर सर्वे के मुआवजा व बीमा राशि प्रदान करने व सोयाबीन की भावान्तर योजना के बजाय समर्थन मुल्य पर खरीदी करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, विधायक महेश परमार, दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में हजारों किसानों ने रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय, खाचरौद का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम नेहा साहू को सौंपा। क्षेत्र के किसानों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा दिनांक 03 अक्टुबर 2025 को प्रदेश में 653.19 करोड की मुआवजा राशि डाली गई है जिसमें खाचरौद-नागदा तहसील के एक भी किसान को मुआवजा राशि नही दी थी मुआवजा नहीं मिलेगा। यह बात स्थानीय भाजपा विधायक ने भी मीडिया के माध्यम से स्वीकार की थी जो किसानों के साथ भेदभाव व छलावा है।



पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा कि प्रदेश व क्षेत्र के किसानों के आक्रोश, विरोध प्रदर्शन, कांग्रेस का सभी जगह आंदोलन व महिदपुर के किसान रामसिंह भामी द्वारा आत्महत्या से बडे किसान आंदोलन फैलने के डर से किसानों का आक्रोश शांत करने हेतू मुआवजा देने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा कोई अधिकारिक घोषणा नही करने के बावजुद भी राजस्व अधिकारियों द्वारा सर्वे तथा आवेदन करने हेतू पटवारियों को गांवों में भेजा जा रहा है। क्या सभी किसानों को मुआवजा दिया जाएगा? तथा मुआवजा में कितनी राशि दी जाएगी? इसकी भी मुख्यमंत्री द्वारा कोई अधिकारिक घोषणा नही की है। नागदा-खाचरौद तहसील सहित उज्जैन जिले के सभी किसानों को मुआवजा दिया जाएगा मुख्यमंत्री इसकी घोषणा स्वयं करें। नही तो किसान पुन: इसे धोखा मान रहा है। यदि मुआवजा और बीमा समय पर नही मिला तो किसानों द्वारा पुन: आंदोलन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री के गृह जिला में मुआवजा राशि नहीं

जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक महेश परमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतु पटवारी जी के नेतृत्व में किसानों के हितो की आवाज लगातार उठाई जा रही है मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजुद भी मुआवजा राशि प्रदान नही की जा रही है ना ही बीमा क्लेम की पर्याप्त राशि दी जा रही है। मजबूरन किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड रहा है और मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में सोयाबीन की फसल नष्ट होने से महिदपुर के किसान रामसिंह भामी द्वारा आत्महत्या कर ली गई है। उसके बावजुद भी सरकार किसानों की सुध नही ले रही है। कांग्रेस पार्टी किसानों के हर आंदोलन में साथ है और जब तक किसानों को मुआवजा नही मिलेगा तब तक उनके हितों की आवाज लगातार उठाती रहेगी। सभा को ब्लॉक कांग्रेस नागदा ग्रामीण अध्यक्ष धारासिंह सूरेल, संतोष बरखेडावाला, चन्द्रप्रकाश चौरडिया, जीवन ढोला पाटीदार, सुरेन्द्रसिंह गुर्जर, दिपेन्द्रसिंह पंवार, विरम गुर्जर, राधा भीमराज मालवीय आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनोखीलाल सोलंकी ने किया व ज्ञापन का वाचन शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधे जायसवाल ने किया।